# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

## –: कार्यालय आदेश :–

विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा प्रधानाचार्य की वर्ष 2021–22 **डीपीसी उपरांत** 2105 कार्मिकों का चयन किया गया, जिनके **चयन संबंधी विभागीय आदेश** दिनांक 11-07-2022 द्वारा जारी किया गया है, जिसकी सूची विभागीय वेबसाईट पर तत्समय अपलोड की जा चुकी हैं। उक्त डीपीसी के सन्दर्भ में एस बी सिविल याचिका संख्या 9479/2022 में माननीय् न्यायालय के अन्तरित आदेश दिनांक 11.07.2022 की अनुपालना में कुल चयनित कार्मिकों के 80 प्रतिशत कार्मिकों का पदोन्नति पद पर पदस्थापन सम्बन्धी आदेश जारी किया जाना है, शेष 20 प्रतिशत के पदस्थापन की कार्यवाही को माननीय् न्यायालय के उक्त निर्णय की पालना में फिलहॉल रोका जाना है।

उक्त पदोन्नत होने वाले कार्मिकों के संबंध में **पदस्थापन आदेश जारी किये जाने से पूर्व शाला दर्पण SDPMS (SHALA DARPAN POSTING MANAGEMENT SYSTEM) पर ऑनलाईन काउसंलिंग प्रक्रिया के लिए निम्नानुसार कार्यक्रम/ कार्यवाही निर्धारित की जाती है :–**

| क्रसं | दिनांक | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 18-10-2022 | विशिष्ट श्रेणी का अंकन किये जाने के उपरांत जारी वरियतानुसार सूची का प्रकाशन विभागीय वैबसाईट के माध्यम से। |
| 2 | 19-10-2022 | उक्त जारी वरियता सूची के संदर्भ में आपत्तियों का आमंत्रण। **(विभागीय ई–मेल absecsecedu@gmail.comके माध्यम से )** |
| 3 | 20-10-2022 | प्राप्त आपत्तियों के आधार पर संशोधन/परिवर्तन (यदि कोई हो तो) |
| 4 | 21-10-2022 | अंतिम रूप से वरियता सूची का प्रकाशन एवं **शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप रिक्तियों का प्रकाशन।** |
| 5 | 21-10-2022 से 27-10-2022 तक | वरियता सूची के उल्लेखित आशर्थियों द्वारा विद्यालयों का चयन एवं ऑपशन लॉक किया जाना (दिनांक **27.10.22 मध्य रात्रि 12 बजे तक)** |
| 6 | 28-10-2022 | आशार्थियों द्वारा लिये गये विकल्पों के आधार पर रिजल्ट/रिपोर्ट तैयार करना। |
| 7 | 29-10-2022 | तैयार रिजल्ट के आधार पर पदस्थापन संबंधी आदेश प्रारूप तैयार किया जाकर हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत करना। |

संलग्न :– SDPMS यूजर मैन्यूअल।

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**क्रमांक:: शिविरा/माध्य/संस्था/बी–1,2/डीपीसी/2021–22/व्यां. से प्रधानाचार्य/2022 दि 18 -10-2022**


प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही/ पालनार्थ प्रेषित है :–


1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान–जयपुर।
2. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., शिक्षा संकुल, जयपुर।
3. उप निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, शिक्षा संकुल, जयपुर।
4. स्टॉफ आफिसर, निजी माध्य कार्यालय हाजा।
5. सिस्टॅम एनालिस्ट कम्प्यूंटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. जिशिअ डीपीसी अनुभाग कार्यालय हाजा।
7. रक्षित पत्रावली।


संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

# ONLINE COUNSELLING USER MANUAL


- सर्वप्रथम शाला दर्पण होमपेज पर SHALA DARPAN POSTING MANAGEMENT SYSTEM (SDPMS) से स्टाफ कॉर्नर लॉगइन आईडी का उपयोग करते हुए लॉगइन करना है।
- Home Page Url: [https://rajshaladarpan.nic.in/SD2/SDPMS/Public/HomePage.aspx](https://rajshaladarpan.nic.in/SD2/SDPMS/Public/HomePage.aspx)







- ऑनलाइन काउंसलिंग मॉड्यूल के प्रथम पेज में स्कूल चॉइसेज का ऑप्शन आएगा। इसमें विद्यालय का चयन किया जाना है। जिले का चयन करने पर जिले में उपलब्ध विद्यालयों की रिक्तियां बाई तरफ दिखाई देंगी।





| Sr.No | District Name | Block Name | Selected School Name |
|---|---|---|---|
| 1 | BANSWARA | ARTHUNA | |
| 2 | BANSWARA | ARTHUNA | |
| 3 | BANSWARA | ARTHUNA | |
| 4 | BANSWARA | ARTHUNA | |
| 5 | BANSWARA | ARTHUNA | |
| 6 | BANSWARA | ARTHUNA | |
| 7 | BANSWARA | ARTHUNA | |
| 8 | DUNGARPUR | ASPUR | |
| 9 | DUNGARPUR | ASPUR | |
| 10 | DUNGARPUR | ASPUR | |
| 11 | PRATAPGARH | ARNOD | |
| 12 | PRATAPGARH | ARNOD | |


- विभिन्न टैब का उपयोग करते हुए विद्यालयों का चयन किया जाना है। विद्यालय के आगे '+' का चयन कर विद्यालय का चयन किया जा सकता है। चयनित विद्यालय दाएं तरफ दिखाई देंगे। सभी उपलब्ध विद्यालय एक साथ 'SELECT ALL' का उपयोग कर चयनित किए जा सकते हैं या एक साथ पुनः रिमूव किए जा सकते हैं। विद्यालयों की क्रम संख्या में भी 'UP' व 'DOWN' मीनू का उपयोग करते हुए परिवर्तन किया जा सकता है। इसी प्रकार किसी विद्यालयों को सीधे ही 'MOVE TO' का उपयोग करते हुए वांछित स्थान पर प्रदर्शित किया जा सकता है। विभिन्न टैब का उपयोग कर विद्यालयों को 'UP', 'DOWN', 'ARRANGE' अथवा 'REMOVE' किया जा सकता है।




- ऑनलाइन काउंसलिंग मॉड्यूल के द्वितीय पेज में जिले के चयन का ऑप्शन उपलब्ध है। इसमें क्रम के आधार पर जिले का चयन किया जा सकता है। यदि आप जिले में किसी भी स्थान का ऑप्शन का चयन करना चाहते हैं तभी 'हां' का चयन कर जिले में कहीं भी ऑप्शन का उपयोग करें।




- बाई तरफ चयन के लिए उपलब्ध समस्त जिले दिखाई देंगे। जिलों के आगे '+' का चयन कर जिले का चयन किया जा सकता है। चयनित जिला अथवा विद्यालय दाएं तरफ दिखाई देंगे। विभिन्न टैब का उपयोग कर चयनित जिलों को 'UP', 'DOWN', 'ARRANGE' अथवा 'REMOVE' किया जा सकता है।



- चयनित विद्यालय तथा जिले ‘View Filled Choices’ ऑप्शन में दिखाई देंगे। प्रत्येक स्थिति में अंतिम ऑप्शन ‘Anywhere in Rajasthan' होगा। लॉक चॉइसेज ऑप्शन का उपयोग कर चयनित विद्यालयों व जिलों का ऑप्शन को लॉक किया जाएगा। लॉक करने के पश्चात किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा।




Note: यदि पदोन्नत कार्मिक के द्वारा ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया में भाग नहीं लिया गया अथवा काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के उपरांत ऑप्शन को लॉक नहीं किया, तब नियत तिथि पश्चात ऑटो लॉक कर दिया जाएगा। तब इन स्थितियों में SDPMS के द्वारा 'ANYWHERE IN RAJASTHAN' का उपयोग कर शेष रिक्तियों में से कोई विद्यालय आवंटित कर दिया जाएगा। इसी प्रकार यदि चयनित विद्यालयों में से कोई भी विद्यालय वरीयता से आवंटित नहीं हुआ, तब इन स्थितियों में SDPMS के द्वारा 'ANYWHERE IN RAJASTHAN' का उपयोग कर शेष रिक्तियों में से कोई विद्यालय आवंटित कर दिया जाएगा।

••••